विद्या ददाति विनयम्

महाविद्यालय : 2627645 / 2630646
छात्रावास : 2627722

राजकीय कन्या महाविद्यालय,अजमेर – 305001

GOVERNMENT GIRLS' COLLEGE, AJMER – 305001

Ref.No.F( ) GGCA/2018-19/

Date :13-09-2018

प्रेस नोट
संस्कृत सप्ताह समापन समारोह

राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर में आज दिनांक 13 सितम्बर 2018 को संस्कृत सप्ताह के समापन पर अनके प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्कृत भारती के तत्त्वावधान में संस्कृत सप्ताह 4 सितम्बर से 10 सितम्बर तक अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन अजमेर शहर के विभिन्न विद्यालयों में किया गया। इसमें 4 सितम्बर को उद्घाटन समारोह व श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन, सम्राट् पब्लिक स्कूल, कोटड़ा, 5 सितम्बर को मन्त्र अथवा श्लोकाधारित चित्र निर्माण प्रतियोगिता का आर्यसमाज भवन, डी.ए. वी. उच्च माध्यमिक विद्यालय में, 6 सितम्बर को संस्कृत संवाद नाटिका का आयोजन आदर्श विद्या निकेतन, अजमेर में, 7 सितम्बर को संस्कृत कथाकथन तथा पात्राभिनय प्रतियोगिता आदर्श विद्या निकेतन, 8 सितम्बर को संस्कृत दृश्य श्रव्य प्रस्तुतीकरण, प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता, एच.के.एच. पब्लिक स्कूल, अजमेर में, 9 सितम्बर को संस्कृत संगोष्ठी का आयोजन संस्कृत भारती कार्यालय में श्री सुनील अभोली द्वारा किया गया। श्रीमती अर्चना नातोडकर, श्री चन्दराम आर्य, श्रीमती सरिता यादव, श्री लोकेन्द्र शर्मा, श्री केवल चौहान, श्री ललित शर्मा विद्यालय स्तर पर इन प्रतियोगिताओं के संयोजक रहें। समस्त प्रतियोगिताओं का समापन 13 सितम्बर को राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर में कनिष्ठ व वरिष्ठ समूह द्वारा संस्कृत समूह गीत प्रतियोगिता से किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायकगण डॉ. निरंजन साहू, डॉ. सुधा वर्मा व डॉ. विमलेश शर्मा रहे। समापन समारोह एवं समूह गीत प्रतियोगिता डॉ. के.आर. महिया के कुशल संयोजन में सम्पन्न हुई। जिसमें 15 से अधिक विद्यालयों ने भाग लिया। इन विद्यालयों में मयूर विद्यालय, डेमोस्ट्रेशन स्कूल, सेन्ट्रल एकेडमी, गुरूनानक सीनियर सैकेण्डरी विद्यालय, सम्राट पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी विद्यालय, सावित्री उच्च माध्यमिक विद्यालय, द टर्निंग प्वाइंट स्कूल, अजमेर ने समूह गीत प्रतियोगिता में भागीदारी निभाई।

संस्कृत सप्ताह की समस्त प्रतियोगिताएं कार्यालयाध्यक्ष संस्कृत भारती श्री विष्णुशरण शर्मा के निर्देशन में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के समापन में राजकीय कन्या महाविद्यालय की संस्कृत छात्राओं ने सरस्वती वन्दना व सामूहिक गीत प्रस्तुति दी। इसी क्रम में सप्ताह पर्यन्त सम्पन्न हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा डॉ. आशुतोष पारीक विभाग संयोजक संस्कृत भारती ने तथा कार्यक्रमों का संचालन डॉ. के.आर. महिया ने किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. स्नेह सक्सेना, प्राचार्या सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर उपस्थित रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. चेतन प्रकाश प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर ने की। इस अवसर पर सारस्वत अतिथि के रूप में श्री कृष्ण कुमार गौड़ प्रांत अध्यक्ष (संस्कृत भारती) तथा प्रांत संगठन मंत्री श्री देवेन्द्र पण्ड्या ने अपने उदबोधन में संस्कृत की महत्ता, संस्कृत जनभाषा बने इस हेतु संस्कृत भारती द्वारा किये जा रहे कार्यो की विस्तार से जानकारी दी।

प्रो. स्नेह सक्सेना ने अपने उदबोधन में कहा कि संस्कृत अत्यन्त ही वैज्ञानिक भाषा है तथा अनेकानेक भाषाओं की जननी है तथा भारतीय संस्कृति की वाहक भी। यह सुखद हैं कि संस्कृत भारती संस्था अनके शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से छात्रहित में संस्कृत शिक्षण अध्ययन व रचनात्मकता का कार्य अत्यन्त ही कुशलता से कर रही है। इस संदर्भ में उन्होंने आचार्य दण्डी का लोमहर्षक उदाहरण भी प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रो. चेतन प्रकाश ने अपने उद्बोधन में भाषा, इतिहास व संस्कृति के माध्यम से श्रेष्ठ चरित्र निर्माण की बात देशहित में कही। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. उमेश भार्गव, डॉ. अरविन्द कश्यप, डॉ. एस.के. शर्मा व प्रो. एस.के. जैन भी उपस्थित रहे।

प्राचार्य
राजकीय कन्यामहाविद्यालय,
अजमेर

(E:/LOKESH BHARGAVA/LETTERS.DOCX) 568